<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–31 जुलाई 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर हुई विशेष चर्चा का दिया जवाब, कहा–आतंकवादियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई, ध्वस्त कर दिया जाएगा आतंकी ढांचा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अगस्त के अपने वाराणसी दौरे के दौरान जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की बीसवीं किस्त, कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्याथ ने लखनऊ में सीएम युवा कॉन्क्लेव एंड एक्सपो दो हजार पचीस का किया उद्घाटन, कहा–युवाओं को उपलब्ध कराया गया दो हजार सात सौ इक्यावन करोड़ रुपए का ब्याज और गारंटी मुक्त ऋण।
- दिल्ली–मुंबई रेल मार्ग के मथुरा–कोटा खंड पर स्वदेशी रेलवे सुरक्षा प्रणाली कवच का चौथा संस्करण स्थापना के लिए हुआ तैयार।

**********

गृह मंत्री अमित शाह ने कल राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर हुई विशेष चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और आतंकी ढाँचे को ध्वस्त कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के शासनकाल में जम्मू–कश्मीर आतंकवाद से मुक्त होगा।

गृह मंत्री ने बताया कि सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के तुरंत बाद पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाए, जिनमें सिंधु जल संधि और वीजा सुविधा को निलंबित करना शामिल है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की मारक क्षमताएँ नष्ट कर दी गईं और उसे घुटने टेकने पर विवश कर दिया गया।

**ये पूछ रहे हैं किसके कहने पर समाधान हुआ, किसी के कहने पर समाधान नहीं हुआ, पाकिस्तान घुटनों के बल हमारे डीजीएमओ को फोन किया कि भाई बंद करो अब। पहले से हमारा मकसद युद्ध का नहीं था, न पाकिस्तान के आवाम को हम नुकसान करना चाहते थे। मोदी जी ने तुरंत कहा कि अगर पाकिस्तान रोकता है तो रोक लीजिए।**

गृह मंत्री के जवाब के दौरान, विपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री के जवाब की मांग करते हुए सदन से बहिर्गमन किया। इससे पहले, राज्यसभा में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और सदन के नेता जे.पी. नड्डा ने भी चर्चा में हिस्सा लिया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सौ सत्ताईस वर्षों के लंबे अंतराल के बाद भगवान गौतम बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भारत वापसी का कल स्वागत किया। श्री मोदी ने कहा कि पिपरहवा अवशेषों की खोज वर्ष अठारह सौ अट्ठानवे में हुई थी, लेकिन औपनिवेशिक काल के दौरान उन्हें भारत से ले जाया गया था। पिपरहवां प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के कपिलवस्तु में भारत नेपाल सीमा के पास स्थित है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अगस्त को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की बीसवीं किस्त जारी करेंगे। साथ ही वह कई अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**( प्रधानमंत्री के वाराणसी दौरे में उनके द्वारा किसान सम्मान निधि की किस्त जारी करने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बीच, देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस कार्यक्रम को एक राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में आयोजित करने का आह्वान किया है। कृषि मंत्री ने बताया कि योजना के अंतर्गत किसानों को तीन किस्तों में छह हजार रुपये हस्तांतरित किए जा रहे हैं और प्रत्येक किस्त हर चार महीने में जारी की जाती है। प्रधानमंत्री अपने वाराणसी दौरे में दो हजार दो सौ अड़तालिस करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। वह आईटी कॉलेज परिसर में एक नई अत्याधुनिक लाइब्रेरी के निर्माण का भी शिलान्यास करेंगे। बीस करोड़ की लागत से बनने वाली यह पहली नेट जीरो एनर्जी बिल्डिंग वाली लाइब्रेरी होगी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

प्रधानमंत्री के वाराणसी दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां भी तेज हो चुकी हैं। इसी क्रम में कल प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से तैयारियों का जानकारी ली। बैठक में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण भी शामिल हुए। एक रिपोर्ट–

**बैठक में मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों से कहा कि सभी व्यवस्थाएं बारिश को ध्यान में रखकर की जाएं और कार्यक्रम में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की समुचित प्रबंध किया जाए। इसके अलावा पीने के पानी, शौचालय और लोगों के बैठने के पर्याप्त इंतजाम करने के भी निर्देश दिए। वहीं डीजीपी राजीव कृष्ण ने सुरक्षा के इंतजामों की समीक्षा की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उधर, एसपीजी ने प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल ग्रामसभा बनौली पहुंचकर सुरक्षा को परखा। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।**

इस बीच, प्रधानमंत्री के वाराणसी दौरे को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने शहर में स्वच्छता अभियान शुरू किया। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री डॉक्टर दयाशंकर मिश्र ने भी वाराणसी के लहुराबीर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत सीएम युवा कॉन्क्लेव एंड एक्सपो दो हजार पचीस का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने यूपी मार्ट पोर्टल की भी शुरुआत की। कार्यक्रम में अपने सम्बोधन के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की खूबियां गिनाईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक इस योजना के तहत अड़सठ हजार से अधिक युवाओं को दो हजार सात सौ इक्यावन करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त एवं गारंटी मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है।

**एक ऐसी स्किम जो ब्याज मुक्त है यानि ब्याज गवर्नमेंट देगी। जो गारंटी मुक्त है यानी आपको गारंटी नहीं देनी है। आपके अभिभावक को नहीं देनी है। गारंटी भी राज्य सरकार देगी और इन सब के साथ–साथ जितनी आप पूंजी देंगे। उसका दस फीसदी मार्जिंग मनी का भी लाभ राज्य सरकार आपको उपलब्ध करवायेगी।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम लखनऊ मंडल के लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर और लखीमपुर खीरी के विधायकों तथा विधान परिषद सदस्यों के साथ बैठक कर विकास कार्यो पर संवाद किया। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जनप्रतिनिधि जनता की आकांक्षाओं का संवाहक होता है। राज्य सरकार उनके सुझावों और मांगों को प्राथमिकता के आधार पर लागू करेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लखनऊ मंडल के लिए बयालिस हजार आठ सौ इक्यानबे करोड़ रूपये के तीन हजार तीन सौ सत्तानबे विकास प्रस्तावों पर जनप्रतिनिधियों के सुझावों को गंभीरता से लिया जाए और इन प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर चरणबद्ध तरीके से पूरा कराया जाए।

**********

स्वदेशी रूप से विकसित रेल सुरक्षा प्रणाली, कवच का चौथा उन्नत संस्करण, दिल्ली–मुंबई रेल मार्ग के कोटा–मथुरा खंड पर स्थापित किए जाने के लिए तैयार है। यह जानकारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल लोकसभा में दी। रेल मंत्री ने इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

**पिछले साल दो हजार चौबीस की जुलाई में कवच का वर्जन फोर पॉइंट ओ यह अप्रूव हुआ आरडीएस से और एक शॉर्ट टाइम फ्रेम में कोटा से मथुरा के बीच में कवच फोर पॉइंट ओ का कमर्शियल कमीशनिंग जो की एक बहुत बड़ा अचीवमेंट है क्योंकि इतनी कॉम्प्लेक्स टेक्नोलॉजी को इतने कम समय में देश में लागू करना वह अपने आप में बहुत बड़ा एक अचीवमेंट है।**

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि भारत सिर्फ एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए एक रोल मॉडल बन गया है। निरंतर प्रगति करते हुए यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने जा रहा है। राज्यपाल कल आगरा में नेशनल चैंबर ऑफ इन्डस्ट्रीज एण्ड कॉमर्स के स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि बीते दस सालों में पचीस करोड़ से अधिक लोगों का गरीबी के रेखा से बाहर आना एक बड़े सामाजिक बदलाव का प्रतीक है।

**********

गोरखपुर–बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस अब चौरीचौरा रेलवे स्टेशन पर भी रूकेगी। इसे लेकर केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान के अनुरोध को रेल मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया है। रेल बोर्ड की तरफ से जल्द ही ठहराव की प्रभावी तिथि और समय सारणी जारी कर दी जाएगी।

**********

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पर्यटन सत्र के दौरान प्रत्येक बुधवार को साप्ताहिक बंदी रहेगी। इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव की तरफ से आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के मुताबिक साप्ताहिक बंदी के दिन सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में यह टाइगर रिजर्व पर्यटकों के लिए खुला रहेगा और अगले दिन को साप्ताहिक बंदी के रूप में लिया जाएगा।

**********